# कीट को मिली अनेक राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय रैंकिंग प्रमाणित करती है कीट की सर्वांगीण उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता को

कलिंग इंस्टीट्यूट आफ इन्डस्ट्रीयल टेक्नालोजी;कीट डीम्ड विश्वविद्यालय भुवनेश्वर,ओडिशा,अपनी स्थापना के आरंभ से अपने शैक्षिक परिवेश,उत्कृष्टता, टीचिंग–लर्निंग शिक्षण विधि,नवाचार,छात्रकेन्द्रित शिक्षा और सर्वांगीण विकास से जुड़े अनेक अनुसंधानों आदि को बनाये हुए है। यह स्वपोषित विश्वविद्यालय पिछले लगभग 20 वर्षो से अपनी उत्कृष्टता और विश्वसनीयता को ओडिशा समेत पूर्वी भारत और पूरे विश्व में अपना बेंच मार्क बनाकर कार्यरत है। हाल ही कीट को मिली अनेक राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय रैंकिंग ने कीट की सर्वांगीण उत्कृष्टता और गुणवत्ता को प्रमाणित कर दी है। “दी टाईम्स हायर एडुकेशन;टीएचइ और क्यूएस आदि की मान्यताएं इनमें प्रमुख हैं। 2018 और 2019 के एआरआईआईए के प्रकाशित सर्वेक्षण के अनुसार भारत के डीम्ड विश्वविद्यालयों में एमएचआरडी के इनोवेशन एण्ड इण्टरप्रेनियरशिप में कीट को दूसरा स्थान मिला। साथ ही साथ हाल ही में एमएचआरडी के प्रकाशित सर्वे प्रतिवेदन में भारत के टॉप 100 विश्वविद्यालयों की एनआईआरएफ ,दी नेशनल इंस्टीट्यूशनल फ्रेमवर्क रैंकिंग सूची में कीट का स्थान 31वां आंका गया। एआरर्आआईए के 8अप्रैल,2019 को प्रकाशित सर्वे रिपोट में कीट यूएन से संबद्ध विश्व के कुल 76 देशों के नामी विश्वविद्यालयों की सूची में 301प्लस विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल हो चुका है। ऐसे में,सच तो यह है कि नई सदी में कीट विश्वविद्यालय शैक्षिक उत्कृष्टता, ,अपनी विश्वसनीयता,टीचिंग–लर्निंग तकनीक,प्राकृतिक एवं शैक्षिक परिवेश, नवाचार,आर्थिक और सामाजिक विकास पर आधारित अनेकानेक अनुसंधान आदि नियमित प्रयोगों ने ओडिशा भुवनेश्वर स्थित कीट को ओडिशा के साथ–साथ पूर्वी भारत और यूएन एसडीजीएस; यूनाईटेड नेशंस सस्टनेबुल डेवलपमेंट गोल्स के 76 देशों के कुल 450 से भी अधिक मान्य विश्वविद्यालयों की सूची में प्रतिष्ठित कर चुका है। कीट की विश्वस्तरीय असाधारण कामयाबी के लिए कीट के संस्थापक को उनके कीट के उचित मार्गदर्शन,कार्यसंस्कृति,कड़ी मेहनत और उनकी कमाल की दूरदर्शिता के साथ–साथ कीट के संकाय सदस्यों और कीट के समस्त सहयोगियों को साधुवाद।